**GRADE-X** **SUB- HINDI**

**TIME : THREE HOURS** **PRE BOARD I** **MM- 80**

( Answer to this paper must be written on the paper provided separately)

You will not allowed to write during the first 15 minutes.

This time is to be spent in reading the question paper.

This time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answer.

---

This paper comprises of two section- section A and section B .

Attempt all the questions from section A and B

The intended marks for questions or part of questions are given in bracket ( )

---

**SECTION – A (40 MRKS)**

**( Attempt all questions)**

**Question 1.**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए। (15)

1- वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार की काफी अपेक्षा है। आज की शिक्षा प्रणाली बोझिल दिशाहीन तथा अव्यावहारिक है।उसमें नैतिक मूल्यों का भी अभाव है। शिक्षा के गिरते हुए स्तर के कारणों एवं दुष्परिणामों का उल्लेख करते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए सुझाव देते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

2- आपने हाल ही में कोई फिल्म देखी । वह आपको कैसी लगी? फ़िल्म के कथानक, घटनाक्रम, पात्र, संवाद, संगीत एवं उद्देश्य की चर्चा करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

3- ग्रीष्मावकाश में आप अपने परिवार या मित्रों के साथ किसी दर्शनीय स्थान की यात्रा पर गए, इस यात्रा वृत्तांत को शब्दबद्ध करते हुए सारगर्भित प्रस्ताव ।

4- 'आ बैल मुझे मार ' उक्ति के आधार पर मौलिक कहानी लिखिए

5- नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखें और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा और स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।

Downloaded From www.icseboard.org

**GRADE-X** **SUB- HINDI**

**TIME : THREE HOURS** **PRE BOARD I** **MM- 80**

( Answer to this paper must be written on the paper provided separately)

You will not allowed to write during the first 15 minutes.

This time is to be spent in reading the question paper.

This time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answer.

---

This paper comprises of two section- section A and section B .

Attempt all the questions from section A and B

The intended marks for questions or part of questions are given in bracket ( )

---

## SECTION – A (40 MRKS)

**( Attempt all questions)**

**Question 1.**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :-**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए। (15)

1- वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार की काफी अपेक्षा है । आज की शिक्षा प्रणाली बोझिल दिशाहीन तथा अव्यावहारिक है ।उसमें नैतिक मूल्यों का भी अभाव है। शिक्षा के गिरते हुए स्तर के कारणों एवं दुष्परिणामों का उल्लेख करते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए सुझाव देते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

2- आपने हाल ही में कोई फिल्म देखी , वह आपको कैसी लगी? फ़िल्म के कथानक , घटनाक्रम , पात्र , संवाद, संगीत एवं उद्देश्य की चर्चा करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

3- ग्रीष्मावकाश में आप अपने परिवार या मित्रों के साथ किसी दर्शनीय स्थान की यात्रा पर गए . इस यात्रा वृत्तांत को शब्दबद्ध करते हुए सारगर्भित प्रस्ताव ।

4- 'आ बैल मुझे मार ' उक्ति के आधार पर मौलिक कहानी लिखिए

5- नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखें और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा और स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।

Downloaded From www.icseboard.org



**Question 2.**

**Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below :-**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए (7)

1- सूचना और संचार माध्यमों की बढ़ती लोकप्रियता के कारण पत्र लेखन पीछे छूट गया है । पत्र लेखन का महत्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

2- प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर जुर्माना माफी का निवेदन कीजिए ।

**Question 3.**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :-** (10)

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए ।

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जीने एक कारखाने में साड़ियां देखते हुए कहा – साड़ियां तो बहुत बढ़िया है । क्या मूल्य है इनका ? " कारखाने के मालिक ने कहा जी ₹800 की है और यह पूरे ₹1200 की है और यह ₹1500 में पड़ेगी

शास्त्री जी ने तुरंत उसके कान में कहा " यह तो सभी बहुत कीमती हैं । मुझ जैसे गरीब व्यक्ति के लिए कोई कम मूल्य की साड़ी दिखाइए ताकि मैं उसे खरीद सकूं ।"

शास्त्री जी के इस भोले उत्तर को सुनकर कारखाने के मालिक ने हंसना शुरू कर । दिया हंसते-हंसते एक क्षण बीत गया तो वह आगे कहने लगा वाह सरकार ! गरीब की भी खूब

Downloaded From www.icseboard.org

कही आपने। हुजूर आप तो हमारे प्रधानमंत्री हैं। आप पूरे देश के मालिक हैं गरीबी की बात ना करें सरकार यह साड़ियां तो हम आपको भेंट करने वाले हैं।

" नहीं भाई , मैं आपसे तो क्या ..................किसी से भेंट नहीं लेता " शास्त्री जी ने गंभीरता पूर्वक कहा ।

" क्यों आप तो हमारे प्रधानमंत्री हैं हमें यह अधिकार है कि हम अपने प्रधानमंत्री को भेंट दे । कारखाने दार ने ऊंचे स्वर में कहा। "हाँ! मैं प्रधानमंत्री हूं , परंतु इसका अर्थ कदापि नहीं है कि जो चीज मैं खरीद सकने में असमर्थ हूं , वह भेंट में लेकर अपने पत्नी को पहनाऊँ । यह ठीक है कि मैं प्रधानमंत्री हूँ। पर हूँ तो गरीब ही , मैं तो अपनी हैसियत की साड़ियाँ खरीदना चाहता हूँ। आप कृपया मुझे कोई सस्ते से दाम वाली साड़ी बताइए, यदि हो तो।"

इस प्रकार रेशम की उत्तम व आकर्षक साड़ियों के कारखाने वाले की सारी विनय अनुनय बेकार सिद्ध हो गई। विवश होकर उसे सस्ते दामों वाली साडियाँ दिखानी पड़ी। उनमें से शास्त्री जी ने अपने घर के लिए साड़ियाँ खरीद ली।

1. कीमती साड़ियाँ देखकर शास्त्री जी ने क्या कहा?
2. कारखाने वाला शास्त्री जी को साड़ियाँ किस रूप में देना चाहता था और क्यों?
3. शास्त्री जी ने कारखाने वाले की इच्छा को क्यों ठुकरा दिया?
4. शास्त्री जी ने अंततः कैसी साड़ियाँ खरीद ली।
5. शास्त्री जी के उत्तर को सुनकर कारखाने के मालिक ने क्यों हँसना शुरू कर दिया तथा उसने बाद में क्या कहा?

**(8)**

**Question 4.**

**Answer the following according to the instructions given:-**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

1. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए

   उद्योग , पूजा

2. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

   अग्नि , आकाश

3. विपरीतार्थक शब्द लिखिए।

   यश , क्रय

4. किसी एक मुहावरे का अर्थ सहित वाक्य बनाइए।

Downloaded From www.icseboard.org

हाथ पैर मारना . नौ दो ग्यारह होना

5. दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए ( **'नही'** शब्द का प्रयोग कीजिए)

**'वह हमेशा स्वस्थ रहता है '**

क. वह कभी स्वस्थ नहीं रहता ।

ख. वह कभी बीमार नहीं रहता ।

ग. कभी बीमार या स्वस्थ नहीं रहता ।

घ. बीमार रहता है लेकिन स्वस्थ नहीं रहता ।

6. दिए गए शब्द में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द लिखिए ।

1. सिंगार 2. सिगार 3. श्रिंगार 4. श्रंगार

7. **'जिसका वर्णन न किया जा सके'** वाक्यंश के लिए एक शब्द लिखिए ।

1. वर्णनीय 2. वर्णनातीत 3. अवर्णन 4. वर्णित

8. हमेशा **बहुवचन** में प्रयुक्त होने वाला शब्द –

1. कछुआ 2. कोयल 3. होश 4. फल

**Section –B (40 Marks)**

**साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियां)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**Question 5.**

'वह सोचता यहां इतने सालों से हूं अमीर लोग नौकरों पर विश्वास नहीं करते पर मुझ पर कभी किसी ने संदेह नहीं किया' । ( बात अठन्नी की ' सुदर्शन' )

1. उपर्युक्त कथन का वक्ता कौन है ? उसके परिवार में कौन कौन थे ? [2]
2. वक्ता किसके यहां काम करता था उसने अपने मालिक से क्या प्रार्थना की ? [2]
3. वह यह नौकरी क्यों नहीं छोड़ना चाहता था ? [3]
4. उसके मालिक के पड़ोस में कौन रहता था ? उसके चौकीदार का क्या नाम था ? उसकी मित्रता किससे थी ? [3]

Downloaded From: www.icseboard.org

**Question 6.**

"लोगों के हाथ से छूट कर वह उमा के ऊपर जा गिरा । बोला काकी सो रही है उन्हें इस तरह उठाकर कहां लिए जा रहे हो ? मैं नहीं जाने दूंगा । ( 'काकी ' सियारामशरण गुप्त )

5. सवेरे जब श्यामू की नींद खुली तो उसने क्या देखा ? [2]
6. श्यामू ने बड़ा उपद्रव कब मचाया और क्यों ? [2]
7. बुद्धिमान गुरुजनों ने उसे क्या विश्वास दिलाया ? [3]
8. श्यामू को किससे और कैसे असलियत का पता चला ? [3]

**Question 7.**

उन दिनों एक प्रथा प्रचलित थी। यज्ञ के फल का कय –विकय हुआ करता था।
(महायज्ञ का पुरस्कार –यशपाल)

1. कय –विकय शब्द का अर्थ लिखें। [2]
2. यज्ञों के कय–विकय का क्या आषय है? [2]
3. सेठ जी यज्ञ बेचने कहाँ गये थे और क्यों? [3]
4. सेठनी द्वारा अपना यज्ञ बेचने का सुझाव दिये जाने पर सेठ की क्या प्रतिकिया हुई ? [3]

**साहित्य सागर( पद्य)**

**Question 8.**

वह जन्मभूमि मेरी वह मातृभूमि मेरी
ऊंचा खड़ा हिमालय आकाश चूमता है
नीचे चरण तले पड़ नित्य सिंधु झूमता है।
गंगा जमुना त्रिवेणी नदियां लहर रही है
जगमग छटा निराली पग पग पर छहर रही है
वह पुण्य भूमि मेरी वह स्वर्ण भूमि मेरी।

( वह जन्मभूमि मेरी 'सोहनलाल दविवेदी' )

1. हिमालय की क्या विशेषता है? [2]
2. कवि ने सिंधु के संबंध में क्या कहा है? [2]

Downloaded From www.icseboard.org

3. त्रिवेणी में कौन-कौन सी नदियां होती है? [3]

4. उपर्युक्त पंक्तियों का मूल भाव लिखिए। [3]

**Question 9-**

लाठी में बहुत गुण है सदा राखिए संग।

गहरी नदी, नारी जहां, कहां बचावे अंग।।

तहँ बचावे अंग झपटी कुत्ता कह मारै।

दुश्मन दवागिर् होय तीनों को झारे।।

कह गिरिधर कविराय सुनो हो धूर् के बाठी।

सब हथियारन छड़ी हाथ में ली जै लाठी।।

( 'कुंडलियाँ ' गिरिधर कविराय )

1. लाठी में कौन-कौन से गुण होते हैं? [2]
2. कुत्ते और दुश्मन का सामना होने पर लाठी हमारी क्या सहायता करती है? [2]
3. उपर्युक्त कुंडलियों का प्रसंग स्पष्ट कीजिए । [3]
4. लाठी हाथ में रखने से क्या क्या लाभ है? [3]

**Question 10-**

धर्मराज यह भूमि किसी की, नहीं कित है दासी,

है जन्मता समान परस्पर, इसके सभी निवासी।

सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण,

बाधा रहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन।

( 'स्वर्ग बना सकते है रामधारी सिंह दिनकर' )

1. यह कविता किसने किसको सुनाई है? [2]
2. कवि ने मुक्त प्रकाश और मुक्त समीरण की इच्छा किसके लिए प्रकट की है। [2]
3. कवि ने मातृभममि के बारे में क्या कहा है? [3]
4. इस धरती पर शांति लाने के लिए क्या आवश्यक है? [3]

Downloaded From www.icseboard.org